लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र कृष्ण पक्ष पंचमी, 10.01 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2079

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 115, पृष्ठ 14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 12 मार्च 2023

PAGE NO : 7 MIDDLE

अनियमित दिनचर्या से बढ़ रहे हैं गुर्दे के रोग

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित पहली नेफ्रोकॉन कांफ्रेंस के दौरान विशेषज्ञ व एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमेन देवमूर्ति।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में शनिवार को शुरू हुई रुहेलखंड परिक्षेत्र की पहली दो दिवसीय नेफ्रोकॉन कॉन्फ्रेंस के पहले दिन विशेषज्ञों ने अलग-अलग गुर्दा रोगों पर व्याख्यान दिए।

मेडिकल कॉलेज के चेयरमेन देवमूर्ति ने अनियमित दिनचर्या को गुर्दा रोगों के बढ़ने की बड़ी वजह बताया। उन्होंने कहा कि एसआरएमएस में गुर्दा रोगों का इलाज करने के साथ गुर्दा प्रत्यारोपण भी सफलतापूर्वक किया जा रहा है। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने चिकित्सा क्षेत्र में संस्थान के कार्यों की सराहना की। साइंटिफिक सत्र में गुरुग्राम के अर्टेमिस हॉस्पिटल की डॉ. मंजू अग्रवाल, मैक्स हॉस्पिटल के डॉ. मनोज सिंघल, एसजीआरएच नई दिल्ली के डॉ. अनुराग गुप्ता, ओपल हॉस्पिटल वाराणसी के डॉ. पीके राय, नई दिल्ली के डॉ. अजय खेर, होली फैमिली हॉस्पिटल नई दिल्ली के डॉ.अनिल भट्ट, सफदरजंग हास्पिटल के डॉ. सौरभ शर्मा, टीएमयू मुरादाबाद के डॉ. पी प्रभाकरन, मेदांता लखनऊ के डॉ. आरके शर्मा ने गुर्दा रोगों से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी साझा की।

इससे पहले बिथरी विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा और ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने कॉन्फ्रेंस की शुरुआत की। कॉन्फ्रेंस में निदेशक आदित्यमूर्ति, डॉ. संजय कुमार, डॉ. स्मिता गुप्ता, प्रिंसिपल डॉ. एसबी गुप्ता, डॉ. विद्यानंद, डॉ. मुग्धा अवस्थी, डॉ. नकुल, डॉ. एनके अरोड़ा, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. राजीव गोयल, डॉ. विमल कुमार भारद्वाज, डॉ. सुदीप सरन, डॉ. सोमेश मेहरोत्रा, डॉ. सीमा सेठ, डॉ. विजय गुप्ता, डॉ. संजय वाजपेयी, डॉ. मनीष महाजन, डॉ. विपुल कुमार, डॉ. एसजेड खान, डॉ. मालिनी कुलश्रेष्ठ आदि मौजूद रहे।